inextlive

# छाप मार निविया का नकली मॉल पकड़ा



By: Inextlive | Updated Date: Thu, 08 Jul 2021 17:15:23 (IST)

बंगलुरु से आए निविया कंपनी के मैनेजर की शिकायत पर पुलिस ने की चार दुकानों पर कार्रवाई

एसएसपी के आदेश पर सीओ कोतवाली के नेतृत्व में चार दुकानदार पकड़े

Meerut। पुलिस के साथ कंपनी के पदाधिकारियों ने दहेलीगेट थाना क्षेत्र में चार स्थानों पर एक साथ छापामारी कर निविया कंपनी नकली सामान बरामद किया। नकली सामान बेच रहे चार दुकानदारों को भी पुलिस हिरासत में लेकर थाने ले आई। उनकी दुकान से नकली सामान भी कंपनी के कर्मचारियों की मदद से पुलिस ने कब्जे में ले लिया। पुलिस की इस कार्रवाई से कुछ व्यापारी अपनी दुकान बंद कर मौके से चले गए।

एसएसपी को दी जानकारी

निविया कंपनी के पदाधिकारियों को शिकायत मिली कि मेरठ में उनका नकली सामान दुकानों पर बड़े पैमाने पर बेचा जा रहा है। कंपनी ने बंगलुरु से एक टीम भेजकर दुकानों पर होमवर्क किया। चार दुकानों को कंपनी के पदाधिकारियों ने चिन्हित कर लिया। उसके बाद एसएसपी प्रभाकर चौधरी को मामले की जानकारी दी।

एक साथ मारा छापा

एसएसपी ने सीओ कोतवाली अरविंद चौरसिया के नेतृत्व में कंपनी के लिगल एटोरनी नैनतारा के साथ पुलिस लगाकर एक साथ नगर निगम की दुकानों, सराय लालदास, वैली बाजार में छापा डाला गया। सराय लालदास से पुलिस ने पत्ता मोहल्ले के रहने वाले पुनीत को हिरासत में लिया है। पुनीत की दुकान पर निविया का नकली सामान बेचा जा रहा था।

पुलिस ने पकड़ा

उसके बाद पुलिस ने सराय लालदास में सेफी पुत्र रफीक की दुकान पर छापा मारकर निविया का नकली सामान बरामद किया। श्याम नगर के रहने वाले सेफी को भी हिरासत में लेकर पुलिस थाने ले आई। वहां से पुलिस ने वैली बाजार स्थित फुरकान की दुकान में छापामारी की। भूमिया के पुल का रहने वाला फुरकान भी कंपनी का नकली सामान बेच रहा था।

नकली माल कब्जे में

कंपनी के कर्मचारियों ने नकली सामान को कब्जे में ले लिया है। वहां से पुलिस की टीम कंपनी के पदाधिकारियों के साथ नगर निगम की दुकानों पर रुमैन पुत्र शाह फैसल की दुकान पर छापा मारकर निविया कंपनी का नकली सामान बरामद किया। रुमैन को पुलिस ने हिरासत में लेकर दुकान के अंदर से नकली सामान भी बरामद कर लिया है।

निविया कंपनी के पदाधिकारियों ने नकली सामान की बिक्री का होमवर्क कर पुलिस को जानकारी दी थी। उनकी निशानदेही पर पुलिस ने एक साथ चार स्थानों पर छापामारा है। चार दुकानदारों को पकड़कर पूछताछ की जा रही है। दुकानों से मिले सामान की जांच की जा रही है। उनके खिलाफ कॉपीराइट एक्ट का मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

अरविंद चौरसिया, सीओ कोतवाली

**Source:** https://www.inextlive.com/uttar-pradesh/meerut/company-officials-raided-with-the-police-and-caught-the-fake-mall-of-nivea-298892